दिन– रविवार

दिनांक– 21 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छब्बीस सितम्बर को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। पचहत्तर लाख महिलाओं के बैंक खाते में भेजी जायेगी दस–दस हजार रूपये की राशि।

02. मनरेगा में कामगारों को चेहरा मिलान करने के बाद ही मिलेगा काम। अररिया, किशनगंज और जहानाबाद जिले पायलट प्रोजेक्ट के लिए चयनित।

03. न्यायमूर्ति पी.बी. बजनथरी आज पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे।

04. और, विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज होगा सम्पन्न। देश–विदेश से लोग अपने पूर्वजों का कर रहे हैं पिंडदान।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छब्बीस सितम्बर को प्रदेश में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। इस योजना के अन्तर्गत श्री मोदी पचास लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस अवसर पर संकुल स्तरीय संघ और ग्राम संगठन स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी कर दिये गये हैं। योजना का लाभ लेने के लिए एक करोड़ पांच लाख से अधिक जीविका दीदियों ने आवेदन किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य मंत्री और अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

————————————————————————————

प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, मनरेगा के अन्तर्गत कामगारों का चेहरा मिलान करने के बाद ही काम मिलेगा। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मनरेगा के राष्ट्रीय मोबाईल निगरानी प्रणाली एप में चेहरा पहचान की तकनीक को जोड़ा गया है। मनरेगा में वर्तमान में पंजीयन नम्बर के आधार पर काम दिया जाता है। इस एप के माध्यम से श्रमिक की वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित होगी और फर्जीवाड़े पर रोक लगायी जायेगी। अधिकारी ने बताया कि आम दिनों में इक्कीस से तेईस लाख तक कामगार इस योजना के अन्तर्गत काम करते हैं।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजधानी पटना में डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का उद्घाटन करेंगे। मोईनुलहक स्टेडियम के पास बनाये गये इस साइंस सिटी में विज्ञान आधारित पांच गैलरी बनाये गये हैं। साथ ही फोर–डी थियेटर, ऑडोटोरियम और छात्रों तथा शिक्षकों  के लिए डॉरमेट्री की भी सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित कई मंत्री उपस्थित रहेंगे।

——————————————————————————

जीएसटी दरों में कटौती का लाभ लोगों को कल से मिलने लगेगा। अमूल ने अपने सात सौ से ज्यादा उत्पादों की कीमतों में कटौती की घोषणा की है। इसके तहत घी, मक्खन, चीज, आईसक्रीम और अन्य दुध उत्पाद सस्ते होंगे। यह कदम नये जीएसटी स्लैब में हुए बदलाव के बाद उठाया गया है। विभिन्न उत्पादों की कीमत में दो रुपये से तीस रुपये तक की कटौती की गयी है। जीएसटी दर में कमी को देखते हुए आईआरसीटीसी ने एक लीटर के रेल नीर वाटर की कीमत पंद्रह रुपये से घटाकर चौदह रुपये कर दी है।

——————————————————————————

रेल मंत्रालय ने जीएसटी में कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए रेलगाड़ियों और रेलवे परिसरों में उपलब्ध पेयजल बोतल की अधिकतम खुदरा कीमत में कटौती की घोषणा की है। इसमें रेल नीर और अन्य सभी ब्रांड शामिल हैं।

——————————————————————————

उपभोक्ता कार्य विभाग ने अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि सोमवार से प्रभावी संशोधित जीएसटी दर और छूट लागू होने के बाद उपभोक्ताओं की संभावित शिकायतों के समाधान के लिए एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र–आईएनजीआरएम पोर्टल पर एक नई सुविधा शुरू की गई है। मंत्रालय ने कहा कि उपभोक्ता टोल–फ्री नंबर 1915 पर सत्रह भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

——————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में,नागरिकों पर आर्थिक बोझ कम करने और कर ढांचे को सरल बनाने के लिए देश में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। नई दरें कल से लागू हो रही हैं। आज इस क्रम में, हम ऑटोमोबाइल क्षेत्र पर इन सुधारों के संभावित प्रभावों की चर्चा कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पचहत्तरवें जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित फिल्म, चलो जीते हैं, आज देशभर के लाखों विद्यालयों और लगभग पांच सौ सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। यह फिल्म प्रधानमंत्री मोदी के जीवन की बचपन की एक घटना से प्रेरित है। यह फिल्म एक छोटे बालक नारू की कहानी है, जो स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों से प्रभावित होकर अपनी छोटी सी दुनिया में बदलाव लाने का प्रयास करता है।

————————————————————————————————————

न्यायमूर्ति पी.बी. बजनथरी आज पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां उन्हें शपथ दिलायेंगे। इस संबंध में केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है। न्यायमूर्ति बजनथरी पटना हाईकोर्ट के छियालीसवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभालेंगे। श्री बजनथरी अभी पटना हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे थे।

————————————————————————————————————

गया का विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज समाप्त हो जायेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि सर्व पितृ अमावस्या के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग अपने पूर्वजों का पिंडदान कर रहे हैं।

———बाईट———

पितृपक्ष के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने सुख शैय्यादान और पिंडदान पितरों को विदाई दी जा रही है। ऐसी मान्यता है कि जो लोग पिंडदान नहीं कर पाते हैं, वे अमावस्या के दिन फल्गु नदी के पवित्र नदी के जल से स्नान कर सभी पितरों के नाम से तर्पण और जलदान करते हैं, जिससे पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मान्यता के चलते आज मोक्ष नगरी में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। पंद्रह दिनों के इस विश्व प्रसिद्ध मेले में देश–विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और अपने साथ गयाजी की यादों को संजोकर ले जा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

————————————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनसेवा और सुशासन की भावना से सरकार बदलाव और प्रगति के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सेवा पर्व की विशेष श्रृंखला में, आज हम चर्चा कर रहे हैं कि मोदी सरकार ने किस तरह से कर राहत और सुनिश्चित पेंशन प्रदान किया है।

———बाईट———

————————————————————————————————————

राज्य में छत्तीस दिनों तक चले राजस्व महाअभियान के दौरान चौवालीस लाख से अधिक लोगों ने जमीन के दस्तावेजों में सुधार के लिए आवेदन दिए हैं। राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि इन आवेदनों को ऑनलाइन करने का काम आज से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि तैंतीस लाख से अधिक लोगों ने जमाबंदी में सुधार के लिए आवेदन दिये हैं। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि अब इन आवेदनों को ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। इसके बाद सुधार की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। विभाग ने छह माह के दौरान सभी आवेदनों का निपटारा करने का लक्ष्य रखा है।

———————————————————————————

प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी भागों से गुजर रही मानसून की ट्रफ रेखा के कारण राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार आज अररिया, पूर्णिया और भोजपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है।

———बाइट———

इधर, मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में रघुनाथपुर में सबसे अधिक बेरानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

———————————————————————————

महान अभिनेता, निर्देशक और निर्माता मोहनलाल को वर्ष दो हजार तेईस का प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि दादासाहेब फाल्के पुरस्कार चयन समिति की सिफ़ारिश पर, सरकार ने भारतीय सिनेमा में उनके विशिष्ट योगदान के लिए मलयालम अभिनेता को यह पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है।

———————————————————————————

पटना में जल्द ही वाटर मेट्रो की शुरूआत की जाएगी। राज्य सरकार ने भारतीय अंतरर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ वाटर मेट्रो सेवा को लेकर एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं। प्राधिकरण के निदेशक अरविंद कुमार ने बताया कि इस योजना के लिए एक जलयान पटना पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि कल से इस सेवा की शुरू होने की सम्भावना है। वाटर मेट्रो का संचालन पटना में गंगा नदी में दीघा घाट से कंगन घाट तक किया जाएगा।

———————————————————————————

प्रसार भारती के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी के.एस. सरमा का कल हैदराबाद में अस्सी वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य संबंधी

समस्याओं से जूझ रहे थे। आंध्र प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी श्री सरमा ने कई वर्षों तक दूरदर्शन के महानिदेशक के रूप में भी कार्य किया। वे वर्ष दो हजार दो से दो हजार छह तक प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी रहे। उन्होंने दूरदर्शन डायरेक्ट–टू–होम –डीटीएच सेवाओं और डीडी डायरेक्ट प्लस सहित अन्य कार्यक्रमों को शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है– भारतीय पेशेवरों पर ट्रंप का करारा प्रहार। अमेरिका ने एच वन–बी वीजा शुल्क बढ़ाकर अट्ठासी लाख रूपये किया।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध।

प्रभात खबर ने शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के एक बयान पर लिखता है– टीआरई –फोर के बाद टीआरई–फाईव भी होगा आयोजित।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– पटना जू में न्यूयॉर्क की तरह बाघ और शेर के लिए ग्लास ब्रिज बनेंगे।

आज अखबार की सुर्खी है– आज रात ग्यारह बजे से शुरू होगा सूर्य ग्रहण, भारत में नहीं दिखेगा।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छब्बीस सितम्बर को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। पचहत्तर लाख महिलाओं के बैंक खाते में भेजी जायेगी दस–दस हजार रूपये की राशि।

02. मनरेगा में कामगारों को चेहरा मिलान करने के बाद ही मिलेगा काम। अररिया, किशनगंज और जहानाबाद जिले पायलट प्रोजेक्ट के लिए चयनित।

03. न्यायमूर्ति पी.बी. बजनथरी आज पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे।

04. और, विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज होगा सम्पन्न। देश–विदेश से लोग अपने पूर्वजों का कर रहे हैं पिंडदान।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।